Need to rehabilitate people residing in the vicinity of Sanjay Gandhi National Park, Mumbai-laid

श्री संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व) : मुलुंड पश्चिम संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के निकट में मेरे मुंबई उत्तर पूर्व संसदीय क्षेत्र मे रहने वाले 2000 हजार से ज्यादा परिवारों की स्थिति काफी गंभीर है। कई सालों से रहने वाले इन परिवारों को वन विभाग ने बिना सोचें घर खाली करने का नोटिस दिया है। इस वजह से यह परिवार घर, रोजगार और जरुरी सेवाओ से वंचित रह सकते है। इनमें से कई लोग तो दूसरी जगह रहने का सोच भी नही सकते। इस कार्रवाई से गरीबी और बेघर होने की समस्या बढ़ सकती है। इस समस्या को हल करने के लिये यहाँ पर्यावरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा को भी ध्यान में रखना जरुरी है। इसलिये SRA Project, PAP योजना के तहत इन परिवारों को उसी जगह या आसपास घर देने का प्रयास करने के लिये मैं मंत्रीजी से अनुरोध करता हूँ। अगर ऐसा होता है तो इन परिवारों की परेशानी कम होगी तथा साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी।